font>

MATTERS UNDER RULE 377 *

Title: Need to provide a gate at railway crossing near Zonal Training Centre, Bhusawal Tehsil, Maharashtra- Laid.

श्री वाई0जी0 महाजन (जलगांव): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जलगांव के अन्तर्गत भुसावल तहसील का मुख्याल है तथा मध्य रेलवे के अन्तर्गत रेलवे का मण्डल स्तरीय स्टेशन है। भुसावल में जोनल ट्रेनिंग सेंटर के पास रेलवे लाइन पर रेलवे क्रासिंग गेट की अति आवश्यकता है। इस स्थान पर रेलवे यार्ड में कई रेल लाइन बिछायी गयी हैं। इस रेलवे लाइन पर क्रासिंग गेट बनाने की मांग क्षेत्र की जैंनता काफी समय से करती आ रही है। क्रासिंग गेट न बनने के कारण क्षेत्र के लोगों में भारी रोा व्याप्त है। इस क्षेत्र के लोगों को रेलवे लाइन क्रास करने के ̇लिए रेल के डिब्बों के नीचे से झुक कर जाना पड़ता है, जो बहुत ही खैंतरनाक है। कई बार यहां पर रेल लाइन पार करते समय अनेक दुघर्टनायें हो गयी हैं, जिनमें अनेक लोग मारे गये हैं। यहां पर रेल लाइन पार करते हुए बीमार, वृद्ध विक्लांग एवं बच्चों को काफी कठिनायी होती है।

अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत भूसावल में झेड0टी0सी0 के पास रेल लाइन पर रेलवे क्रासिंग गेट निर्माण करवाने हेतु निर्देश देने का कट करें।

- Treated as laid on the Table